Date :- 03-02-2025
Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

मेट्रो प्रोजेक्ट • जहां एलिवेटेड रूट तैयार और पिलर खड़े हो गए, वहां रोड, डिवाइडर ठीक कर रहे, भटार से ड्रीम सिटी सेक्शन पर डेढ़ किमी का रेस्टोरेशन किया गया

सूरत | सूरत मेट्रो रेल के जिन सेक्शनों पर सिविल कार्य और एलिवेटेड मार्ग बनाने का काम पूरा हो गया है, वहां रोड बैरिकेडिंग हटा कर रोड रेस्टोरेशन शुरू हो गया है। मेट्रो मार्ग पिलर के बीच लेन डिवाइडर भी स्थापित कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार लोगों के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से मेट्रो प्रशासन को आदेश दिया गया है कि जिस सेक्शन का सिविल कार्य पूरा हो गया है और जहां जहां पिलर खड़े किए जा चुके हैं, वहां लेन डिवाइडर बनाकर सड़कों की बहाली कर दी जाए। सबसे पहले भटार-अलथान के बीच लगभग डेढ़ किमी तक रोड रेस्टोरेशन कार्य पूरा किया गया है। यहां मेट्रो पिलर के मध्य लेन डिवाइडर भी तैयार हैं।

▪ क्या कहते हैं अधिकारी? | सूरत मेट्रो रेल प्रशासन ने बताया कि अधिकतर सेक्शन में सिविल कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। बैरिकेडिंग हटाकर सड़कों की बहाली शुरू कर रहे हैं। इसके अलावा लेन डिवाइडर भी बना रहे हैं, ताकि लोगों को सड़कों की पूरी चौड़ाई और दोनों लेन मिल सकें।